दिनांक 15.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत आकाशगंगा सुभाष सब्जी मंडी में आने जाने के लिए बनी पुलिया पर भारी वाहन के चलने के कारण पुलिया टूट गई तथा नाली जाम हो गई जिसके कारण पानी निकासी पूर्ण रुप से अव्यवस्थित हो गई थी जिसे निगम भिलाई के राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले के द्वारा नालियों से मलबा हटाकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई । सुभाष सब्जी मंडी के व्यवसाइयों के द्वारा व्यवसाय करने के बाद बची हरी सब्जियों को सड़क पर ही फेंक बिखेर दिए गए थे। सड़क पर बिखरे हुए सब्जियों के ऊपर से आवारा पशु एवं वाहन चलने के कारण पड़ी हुई सब्जियां या कचरे कीचड़ में तब्दील हो जातें हैं जिससे मार्केट में हरी सब्जियां फल फूल या अन्य खाद्य सामग्री लेने के लिए आने वाले आम नागरिकों को कीचड़ से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आकाशगंगा सुभाष सब्जी मंडी के व्यवसायीयो निगम आयुक्त श्री चौहान ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे मंडी व बाजार में स्वच्छता बनाए रखें। एवं बारिश के मौसम को देखते हुए अनावश्यक रुप से सड़े कचरे पानी में मिलकर कीचड़ हो . गले बासी एवं अन्य खाद्य सामग्री सड़क पर ना फेंके- जाने से आने जाने वाले आम नागरिकों को परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। आप निर्धारित डस्टबिन पर ही अपने दुकान से निकलने वाले कचरे एकत्रित कर रखें ।

जन सम्पर्क अधिकार